तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 समर्थन मूल्य पर दलहन, तिलहन और सोयाबीन की...



14 शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में 5वीं के बच्चों को...



## खबर संक्षेप

### परिचालक विहीन व बिना लाइसेंस-वर्दी के यात्री बस चालकों पर की गई कार्रवाई

**बेमेतरा।** जिले में बिना परिचालक लाइसेंस और वर्दी के यात्री बस चालकों एवं परिचालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत द्वारा 28 फरवरी को यात्री बसों की चेकिंग की गई, जिसमें कई बस चालक और परिचालक शासन द्वारा निर्धारित वर्दी के बिना पाए गए और कुछ परिचालक अपना लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। उक्त जांच के दौरान 17 बसों के चालकों और परिचालकों पर मोटरयान नियमों के उल्लंघन के लिए कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 15,300 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। सभी चालकों और परिचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में यात्री बसों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित वर्दी में ही करें और परिचालक अपने लाइसेंस साथ रखें। नियमों की अवहेलना पर भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्री परिवहन व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनी रहे, साथ ही मोटरयान नियमों का सख्ती से पालन हो।

### शिक्षिका श्वेता ने जन्मदिन पर कराया नेवता भोज



**देवकर।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में शनिवार को नेवता भोज का आयोजन शाला की शिक्षिका श्वेता वर्मा द्वारा किया गया। शिक्षिका ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा केला, लड्डू और समोसा खिलाया। बच्चों ने उनके जन्म दिवस पर अपने अध्यापन कक्षाओं क़ी सजावट कर आरती और तिलक कर शिक्षिका को पूरे शाला परिवार क़ी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने शिक्षिका श्वेता वर्मा को बधाई दी और नेवता भोज कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्वेता वर्मा, वीणा रावटे, आशुतोष चौबे, मैमुना सुल्ताना, सुंदर ठाकुर, पुष्पा साहू, महेशिया, खेमा, सुनीता, रमौतीन एवं शाला के बच्चे उपस्थित थे।

### प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत होने पर भगवती प्रसाद को दी गई विदाई



**बेमेतरा।** प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होने पर भगवती प्रसाद देवदा को सम्मान समारोह आयोजित कर भाव पूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर हायर सेकंडरी के प्राचार्य संजय शर्मा व एसएमसी प्रमुख लोभन-राम साहू एवं सदस्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों ने बाजे-गाजे व फूल माला के साथ आगवानी की। प्राचार्य शर्मा व व्याखाता चंद्रसेखर साहू, गिरधारी साहू एचएम तीरथ वर्मा, योगेंद्र राजपूत एसएमसी सदस्य पुष्पा व रुखमणि साहू ने श्री देवदास के 19 वर्षों के कार्यों को याद किया। बच्चों ने भी अपने प्रिय शिक्षक के लिये भावनाओं से भरे विचार रखे। सभी ने उपहार भेंट किया। शिक्षक निधि साहू ने पुष्प गुच्छे से स्वागत किया एवं शाला परिवार सहित शॉल, डायरी पेन व श्री फल भेंट कर प्रधान पाठक बनने पर सम्मानित किया। श्री देवदास ने बच्चों को मिठाई बांट कर अपना स्नेह दिया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र सिंह राजपूत ने किया।

## बच्चों ने विविध मॉडल्स के माध्यम से विज्ञान के नियमों को समझाया

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मनाया गया विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- किसी ने चालकता को प्रदर्शित किया, किसी ने समझाया जल विद्युत का अपघटन

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव को स्मरण करते हुए विज्ञान दिवस मनाया गया। 28 फरवरी 1928 को सीवी रमन को उनकी खोज के लिए नोबेल पुरस्कार मिला था। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान के कुछ छोटे-छोटे तत्वों को जानकर रोचक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं की कंचन ने चालकता को प्रदर्शित किया। चांदनी ने जल विद्युत अपघटन का प्रदर्शन किया। रश्मि ने वायुदाब को समझाया। लक्षनी ने अपवर्तन के सिद्धांत को समझाया। छठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पौधों के विभिन्न भागों को नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से विज्ञान से संबंधित सुंदर चित्र बनाए। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं राज किरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिहा, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे, सावित्री यादव एवं दीप्ति नवरंगी उपस्थित रहीं। विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना था।

**कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों ने पौधों के विभिन्न भागों को नाटिका से समझाया**



#### रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए विकासखंड स्रोत समन्वयक बीआरसी राजेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रयोगों को देखा, साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।

### परीक्षा : माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए हैं 75 केंद्र

## कक्षा 12वीं की परीक्षा शुरू, पहले दिन 8132 में से 8056 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक साहू ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा शनिवार को हिंदी विषय के साथ शुरू हो गई। पहले दिन जिले में बनाए गए कुल 75 परीक्षा केंद्रों में 8132 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 8056 ने परीक्षा दी, जबकि 76 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। कलेक्टर रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने विशेष रूप से जेवरा और सेजेस हिंदी माध्यम बेमेतरा के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन की स्थिति का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। कलेक्टर ने केंद्रों में जाकर कई कक्षाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी अलग-अलग केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने जेवरा, सेजेस हिंदी माध्यम बेमेतरा और बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा का दौरा किया। अर्चना ठाकुर, जिला खनिज अधिकारी ने ओडिया और कारेसरा खाती के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जबकि सांतुलाल नेताम ने गुधेली, गोड़गिरी, आनंदगांव, भिंभौरी, और बारगांव सरदा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीपीओ भावेश सिंह ने नांदघाट, कूरों, मुस्ता, गोढीकला और संबलपुर के केंद्रों का निरीक्षण किया। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एसके गोड़ ने मोहतरा, बालसमुंद, मउ, चंदनू, और बदनारा के केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआर रात्रे, तहसीलदार साजा, बेरला, नवागढ़ और बेमेतरा बीईओ द्वारा बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा के केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया।



### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



बेमेतरा। हायर सेकेण्डरी परीक्षा का कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम जेवरा हायर सेकेंडरी स्कूल पहुँचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दे रहे थे। इस अवसर पर सीनियर पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू, एस डी एम प्रकाश भारद्वाज, परीक्षा नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे साथ थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बता दें कि परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए ज़िला स्तर पर 10 उड़न दस्तों का गठन किया है। इसी प्रकार ज़िला शिक्षा की ओर से भी 4 उड़न दस्ता का गठन किया गया है।

#### कक्षा 10वीं की परीक्षा कल से

केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले भर में नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने सुनिश्चित किया था कि परीक्षा में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और परीक्षार्थी निर्भय होकर परीक्षा दे सकें। गौरतलब हो कि हायर सेकेण्डरी परीक्षा एक मार्च से शुरू हुई है, वहीं हाई स्कूल परीक्षा 3 मार्च (सोमवार) से प्रारंभ होगी। हायर सेकेण्डरी परीक्षा इसी माह 28 मार्च तक और हाई स्कूल परीक्षा इसी माह 24 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा प्रातः 09 बजे से लेकर 12.15 बजे तक सम्पन्न हो रही है। इस वर्ष जिले में कुल 77 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। हायर सेकण्डरी और हाई स्कूल परीक्षा कुल 22087परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसमें 8132 विद्यार्थी हायर सेकण्डरी की परीक्षा में और 13955 परीक्षार्थी हाई स्कूल परीक्षा शामिल है ।

### प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र ने किया जेल का निरीक्षण



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सालसा बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बेमेतरा जिला जेल और नव निर्मित खुली जेल पर्थरा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निधि शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान, प्रधान जिला न्यायाधीश श्री शास्त्री ने जेल अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, बीमारियों की स्थिति और दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों के खान-पान और उन्हें प्रदान की जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कैदियों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाली विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो। इस निरीक्षण में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और जेल अधीक्षक दिनेश चंद्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुली जेल पर्थरा के निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में जेल की व्यवस्थाओं को सुचारू और मानवीय रूप से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## शराब पीने के दौरान हुआ विवाद, अधेड़ पर पेट्रोल छिड़ककर लगा दी आग, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम किरितपुर का मामला

सिटी कोतवाली थाना इलाके के किरितपुर गाँव में शुक्रवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मिली जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धुत तीन स्थानीय लोगों में शराब लाने की बात पर आपस में विवाद हो गया, जो बाद में एक व्यक्ति की मौत का कारण बन गया। आरोपियों ने पेट्रोल छिड़क कर अधेड़ को जिंदा जला दिया। जिंदा जलाकर मार डालने की घटना सामने आते ही हड़कंप मच गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की है, जहां इस घटना के बाद सहमे ग्रामीणों ने 55 वर्षीय कैलाश पाण्डेय को रायपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद अपना दम तोड़ दिया। इस सम्बंध में बेमेतरा एसडीओपी मनोज तिर्की ने बताया कि घटना का गम्भीर है। मामले की सूचना मिलने पर वारदात के आरोपी लोकेश चौहान को बेमेतरा पुलिस को पकड़कर मामले को विवेचना में लिया है। वहीं, मृतक कैलाश पाण्डेय के शव को परिजनों को सौंपा गया है।

#### सांस्कृतिक मंच पर बैठकर पी रहे थे शराब

जानकारी के अनुसार घटना बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम किरितपुर में हुई। जहाँ तीन स्थानीय व्यक्ति मृतक कैलाश पाण्डेय, आरोपी लोकेश चौहान व अन्य सहयोगी महेश साहू गाँव के सांस्कृतिक मंच पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी बीच आरोपी लोकेश चौहान एवं मृतक कैलाश पांडेय के बीच शराब लाने को लेकर वाद-विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी लोकेश चौहान तैश में आकर पास की दुकान से पेट्रोल ले आया और कैलाश पांडेय पर छिड़ककर माचिस मार दिया। उसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और गम्भीर रूप से झुलस चुके कैलाश पांडेय को संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से रायपुर अस्पताल के लिए रवाना किया। जहां कुछ घण्टों के इलाज के दौरान ही कैलाश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी लोकेश चौहान को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ की जा रही है।



## ईडी की कार्रवाई का विरोध, कांग्रेस ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ईडी की कारवाई के विरोध में पूर्व विधायक एवं कार्यवाहक जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारों पर ईडी कठपुतली की तरह कार्य कर रही है। साथ ही कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री द्वारा बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराने के बाद भी घंटों तक ईडी कार्यालय में बैठाए रखने लगातार भाजपा के द्वारा ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस महामंत्री को कांग्रेस भवन निर्माण कार्यों की जानकारी देने के लिए बुलाया गया था। लेकिन, पूछताछ के दौरान ईडी ने उनसे व्यक्तिगत और पारिवारिक संपत्ति से जुड़ी जानकारी मांगी जा रही थी, जो कि गलत है। ईडी भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। पुतला दहन के दौरान ईडी और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुतला दहन में आशीष छाबड़ा कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कांग्रेस कमेटी, शकुंतला मंगत साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, टीआर जनार्दन शशि प्रभा गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य, बाल कुमारी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, हरीश साहू जिला पंचायत सदस्य, ललित विश्वकर्मा प्रभारी जिला महामंत्री, जोगेंद्र छाबड़ा मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### भाजपा के अनुषांगिक संगठन की तरह कार्य कर रही है ईडी : छाबड़ा

प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी के अनुषांगिक संगठन के रुप में कार्य कर रही है। हमारी पार्टी और कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी दलों को बदनाम करना चाहती है। भाजपा इतनी डरी हुई है कि कांग्रेस नेताओं के घर तक की टोह ली जा रही है।

### प्रकृति, कृषि और वैज्ञानिक उन्नति से लिया प्रत्यक्ष अनुभव

## जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने पीएम श्री गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी सिंह के मार्गदर्शन में एक शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मानव तीर्थ संस्थान और बांस फैक्ट्री का दौरा किया, जहां प्रकृति, कृषि विविधता और उद्योग की आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। मानव तीर्थ संस्थान प्रकृति और कृषि की अनोखी झलक छात्रों ने मानव तीर्थ संस्थान में 52 प्रकार की सब्जियां, 15 प्रकार के फल और 250 किस्म के फूलों को नजदीकी से देखा। संस्थान में स्थित गौशाला में राठी और गिर नस्ल की गायों से प्रतिदिन 80 से 100 लीटर दूध का उत्पादन होता है, जिसे छात्रों ने देखा और समझा। यहां साधना कुटी से शिवनाथ और खरून नदियों का संगम और प्राचीन शिवनाथ मंदिर का दृश्य छात्रों के लिए विशेष आकर्षण रहा।

**दुनिया की सबसे ऊंची बांस की मीनार का किया अवलोकन-** इसी तरह बांस से बने उत्पादों का ज्ञान दौरे का अंतिम पड़ाव भव्य सृष्टि उद्योग था, जहां छात्रों ने बांस से बने प्लास्टिक-कोटेड उत्पादों के निर्माण प्रक्रिया को नजदीकी से देखा। इस उद्योग में दुनिया की सबसे बड़ी 140 फीट ऊंची बांस की मीनार भी है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया था। शैक्षिक दौरे में छात्रों का मार्गदर्शन शिक्षक स्टॉफ द्वारा कराया गया। यह यात्रा छात्रों के लिए प्रकृति, सांस्कृतिक धरोहर और वैज्ञानिक उन्नति के प्रति गहरा जुड़ाव प्रदान करने वाली एक अविस्मरणीय अनुभव रही।




### ग्राम पंचायत बुधवारा के सरपंच बने गुलमीर खान

**बेमेतरा।** साजा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधवारा से बासीन निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गुलमीर खान ने सरपँच चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी निकटतम प्रत्याशी संजय सोनी को 18 वोटो से हराकर विजय का परचम लहराया है। उनको सरपँच चुनाव में कुल 229 मत प्राप्त हुए। इस बीच नवनिर्वाचित सरपंच गुलमीर खान को ग्रामीणों एवं करीबियों ने मुबारकबाद दी। गुलमीर खान ने कहा कि जनता ने उन्हें 05 साल गाँव की सेवा का खास अवसर प्रदान किया है, जिसे वे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।



## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने देखी फिल्म 'छावा'

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन के साथ पूरी कार्यकारिणी, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों, 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं के साथ बड़ी संख्या में आजीवन सभासदों ने पंडरी स्थित सिटी मॉल सेंटर के पीवीआर मल्टीप्लेक्स में गुरुवार को फल्मि 'छावा' देखी। सभी ने लक्ष्मण उतेकर निर्देशित फल्मि छावा की प्रशंसा की और संभाजी राजे के प्रभावी रोल में विक्की कौशल के अभिनय की जमकर तारीफ की। समूचे महाराष्ट्र मंडल ने इस फल्मि को टैक्स फ्री करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित ऐतिहासिक वीर गाथा फिल्म छावा को राज्य में टैक्स फ्री घोषित किया है। लोग इस प्रेरक फल्मि को देखने के लिए उत्सुक होंगे। 'छावा' से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी। सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन भी चाहता है कि 'छावा' देखकर प्रदेश के युवा न केवल राष्ट्रप्रेम के मायने को समझें, बल्कि अपने व्यक्तित्व में भी संभाजी राजे वाला जज्बा लाएं।

### प्रति व्यक्ति आय 9.37 प्रतिशत बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय पिछले साल के मुकाबले बढ़कर 2024-25 में 1 लाख 62 हजार 870 रुपए होने का अनुमान है। पिछले वर्ष के मुकालबे यह वृद्धि 9.37 प्रतिशत है। यह जानकारी शुक्रवार को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है। राज्य की विकास दर 2024-25 में 7.51 प्रतिशत होने का अनुमान भी इसी सर्वेक्षण रिपोर्ट में लगाया गया है। प्रति व्यक्ति आय निवल राज्य घरेलु उत्पाद को प्रोजेक्टेड जनसंख्या से भाग देकर निकाला जाता है। वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 62 हजार 870 रुपए अनुमानित है। जबकि 2023-24 में यह 1 लाख 48 हजार 922, रही थी। इस हिसाब से प्रति व्यक्ति आय 9.37 प्रतिशत बढ़ी है। इससे पहले 2019-20 में यह 1 लाख 6 हजार 611, 2020-21 में 1 लाख 6 हजार 117, 2021-22 में 1 लाख 23 हजार 493, 2022-23 में 1 लाख 34 हजार 996, 2023-24 में 1 लाख 48 हजार 922 रुपए थी।

### चैंबर चुनाव, व्यापारी एकता पैनल की प्रमुख बैठक

**रायपुर।** व्यापारी एकता पैनल की बैठक शुक्रवार को पंजाब पैलेस में हुई, जिसमें एक पंच कमेटी का गठन किया गया। इसमें संयोजक तिलोक बरड़िया, विजय अग्रवाल, श्रीचंद सुंदरानी, हरचरण सिंह साहनी, सतीश थौरानी, सरल मोदी, सुशील अग्रवाल, विजय मुकीम शामिल हुए। इसके अलावा अध्यक्ष एवं अन्य पदों के लिए संभावित नामों पर चर्चा की गई। जिसमे सतीश थौरानी, विजय अग्रवाल, चेतन तारवानी, सरल मोदी, राधाकिशन सुंदरानी, अमर बंसल, विजय मुकीम, सुभाष अग्रवाल, राजेश वासवानी आदि संभावित नाम हैं।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रथम अधिवेशन आज

**रायपुर।** केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारियों के संगठन का 2 मार्च रविवार को प्रथम राज्य स्तरीय अधिवेशन कालीबाड़ी स्थित रविंद्र मंच में होने जा रहा है। नवगठित संस्था के इस अधिवेशन में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके परिवारों के साथ वर्तमान में सेवारत अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन एवं नागरिक भी शामिल होंगे। अधिवेशन के मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे, वहीं छग शासन के कृषिमंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी बतौर विशिष्ट अतिथि इस अधिवेशन में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे से होगी, इस अवसर पर पेंशनर्स परिवारों के प्रतिभाओं, जिन्होंने देश-विदेश में विभिन्न विधाओं में प्रदेश का नाम रोशन किया है, साथ ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना के डॉक्टरों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# इंजीनियरिंग छात्रों को अपडेट रखने प्राध्यापकों को मिलेगी ट्रेनिंग, सिखाई जाएगी नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंजीनियरिंग छात्रों को अध्यापन कार्य कराने वाले प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया जाएगा। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन अर्थात एआईसीटीई यह पहल कर रहा है। कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट से संबंधित फैकल्टी मेंबर्स के एकेडमिक डेवलपमेंट के लिए ''एआईसीटीई-क्यूआईपी-पीजी सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन इमर्जिंग एरियाज'' लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट जैसे-मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल आदि के फैकल्टी मेंबर्स को टेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी, जिससे वह इन कोर्स के स्टूडेंट्स को प्रभावी रूप से पढ़ाने में सक्षम हो सकें। एआईसीटीई ने खास तरह के इस कोर्स में प्रवेश के लिए योग्यता भी निर्धारित की है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्यापन कार्य करने वाले और कम से कम 5 साल पढ़ाने का अनुभव रखने वाले इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। किसी भी होस्ट इंस्टिट्यूट में कोर्स के लिए नामांकित होने वाले मैक्सिमम 50 फैकल्टी मेंबर से कोई फीस नहीं लिया जाएगा।

■ पांच साल अध्यापन करा चुके शिक्षक को ही मिलेगा इसमें प्रवेश

## इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम

### प्राध्यापकों का अपडेट रहना जरूरी

एआईसीटीई का कहना है कि यह पहल जरूरी है क्योंकि इंजीनियरिंग में उभरते क्षेत्र लगातार डेवलप हो रहे हैं जिससे शिक्षकों को अपडेट रहने की जरूरत है। यह प्रोग्राम शुरू करने का उद्देश्य फैकल्टी मेंबर्स को छात्रों को इन उभरते क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए जरूरी ज्ञान और स्किल से युक्त करना है। इससे न केवल फैकल्टी मेंबर्स को उनकी विशेषज्ञता बढ़ाकर फायदा मिलेगा, बल्कि देश में इंजीनियरिंग एजुकेशन की ओवरऑल क्वालिटी बढ़ाने में भी योगदान मिलेगा।



### तीन चरणों में विभाजन

एआईसीटीई सर्टिफाइड संस्थानों को काउंसिल के पास आवेदन जमा करना होगा। प्रोग्राम कंटेंट को तीन फेज जागरूकता, विशेषज्ञता और अनुप्रयोग में बांटा गया है। 18 क्रेडिट के प्रोग्राम में थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं। इंडस्ट्री सेक्टर के एक्सपर्ट को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि शिक्षक आज की इंडस्ट्री की जरूरतों और ट्रेंड्स से अपडेट रहें। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग और टेक्निकल एजूकेशन फैकल्टी के टीचिंग मैथ्डस को एडवांस बनाना है ताकि स्टूडेंट्स को हाई गुणवत्ता वाली टेक्निकल एजूकेशन मिल सके।

## मिलरों को नोटिस देने की तैयारी में विभाग

# डेढ़ लाख टन धान सोसाइटियों में हुआ जाम, उठाव के लिए अंतिम 2 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के धान उपार्जन केंद्र समितियों में अभी भी डेढ़ लाख टन धान जाम पड़ा हुआ है, जबकि धान उठाव की अंतिम तारीख 28 फरवरी तय की गई है। इस तरह सोसाइटियों से धान का उठाव के लिए मिलरों के पास अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। इधर निर्धारित समय-सीमा में सोसाइटियों से धान का उठाव नहीं करने वाले मिलरों के खिलाफ खाद्य विभाग अब सख्ती दिखा सकता है। अनुबंध के अनुसार जिन मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम धान का उठाव किया है, ऐसे मिलरों को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

रायपुर जिले में इस बार 2134852.46 क्विंटल धान का डीओ कस्टम मिलरों को जारी किया गया है। इसकी तुलना में मिलरों ने अब तक 1809242.19 क्विंटल धान का उठाव सोसायटियों से किया है, वहीं 325610.27 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया गया है। शेष धान अभी भी सोसायटियों में जाम है। इधर मिलरों को सोसायटियों से धान के उठाव लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद भी मिलरों ने शत प्रतिशत धान का उठाव नहीं कर पाए हैं।



**समय-सीमा में धान उठाव के दिए हैं निर्देश**

धान उठाव को लेकर मिलरों की बैठक ली गई है। इस बैठक में सभी मिलरों को समय-सीमा में धान के उठाव के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर मिलरों को नोटिस भी जारी किया जाएगा।

**- भूपेंद्र मिश्रा**
खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर

### *लगभग 100 मिलर 50 प्रतिशत भी नहीं कर पाए हैं धान का उठाव*

*रायपुर जिले में कुल 238 है जिनके द्वारा धान का उठाव करने के लिए विभाग से अनुबंध किया है। इनमें लगभग 100 मिलर ऐसे हैं जो 50 प्रतिशत से भी कम धान का उठाव किए हैं। ऐसे मिलरों के नाम की विभाग सूची बनाकर उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है।*

### *बैठक में अधिकारी दे चुके है निर्देश*

*मिलरों द्वारा सोसायटियों से धीमी गति से किए जा रहे धान के उठाव को लेकर जिला खाद्य अधिकारी ने करीब 5 दिन पूर्व मिलरों की बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने सभी मिलरों को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही तय समय-सीमा में धाव का उठाव नहीं करने पर उन्हें नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी। इस बैठक के दौरान जिले में करीबन ढाई लाख टन धान का उठाव शेष था। बैठक के बाद धान उठाव में तेजी तो आई है, जिससे इन दिनों में करीब एक लाख टन धान का उठाव भी हुआ है, लेकिन अभी भी करीब डेढ़ लाख टन धान सोसायटियों में पड़ा हुआ है। शेष बचे धान को उठाव के लिए अब सिर्फ दो दिन ही शेष बचे हैं।*

# फरवरी के अंतिम दिन सबसे गर्म रही राजधानी पारा 37 के करीब पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फरवरी के अंतिम दिन राजधानी रायपुर ने गर्मी के मामले में अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रिकार्ड किया गया। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से छाए हल्के बादलों की वजह से रात का तापमान भी अन्य शहरों की तुलना में अधिक दर्ज किया गया है। फरवरी का महीना ठंडी गर्मी के बीच बीत गया है। मार्च के महीने में अगर पश्चिमी विक्षोभ अपना ज्यादा असर नहीं दिखाता है, तो गर्मी अपना प्रभाव दिखाएगी।

■ रात के तापमान के मामले भी रायपुर अव्वल

### मौसम शुष्क रहने की संभावना

मौसम विभाग द्वारा मार्च से लेकर मई के बीच सामान्य से अधिक गर्मी रहने और लू के दिनों की संख्या भी अधिक रहने की संभावना जताई गई है। महीने के अंतिम दिन राजधानी में 37 डिग्री की गर्मी रही, वहीं पिछले चौबीस घंटे में रात का पारा 19 डिग्री पर रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के ऊपर विस्तारित है। विक्षोभ की वजह से रात में हल्के बादल रहने, मगर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर बने रहने का अनुमान है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ।

# पदभार ग्रहण से पहले महापौर पहुंची निगम दफ्तर, अधिकारियों से की अनौपचारिक चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने पदभार ग्रहण करने से पहले ही निगम की बागडोर संभाल ली है। महापौर शुक्रवार को निगम मुख्यालय पहुंचीं और श्रीगणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना करने के बाद कमिश्नर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक जरूर अनौपचारिक रूप से थी, लेकिन महापौर ने बैठक में अधिकारियों को इसकी जानकारी दी कि आगामी दिनों में कौन-कौन सी योजना एवं कार्यों को प्राथमिकता देना है।

निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में आयोजित अनौपचारिक बैठक में अधिकारियों को कहा कि जनता के सुझावों से जनता की सुविधाओं के लिये काम करना है। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें, तो रेवेन्यू अपने आप जनरेट होगा। महापौर ने स्वच्छता रैंकिंग में सकारात्मक फीडबैक के लिये जनता को विश्वास में लेकर कार्य करने कहा। महापौर ने सभी जोन कमिश्नरों को नवनिर्वाचित परिषद के प्रथम सम्मिलन के 3 दिनों के भीतर वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर जलसंकट पर संज्ञान लेने कहा है। महापौर ने बैठक में अधिकारियों को नगर निगम के मूलभूत कार्यों पर विशेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम के कार्यो की मूलभूत आवश्यकता शहर में सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने कहा।





### प्रापर्टी टैक्स वसूलने लगाएं शिविर, समीक्षा में आयुक्त ने दिया निर्देश

**रायपुर।** लोगों से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में बिरगांव निगम पिछड़ गया है। इसमें तेजी लाने और रिकवरी की स्थिति जांचने के लिए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें पाया गया कि अभी तक लगभग 60% वसूली जिम्मेदार कर पाए हैं, जो शासन द्वारा तय लक्ष्य 80% से कम होने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए 31 मार्च तक 100% वसूली के लिए निर्देशित किया है। निगम आयुक्त ने वसूली में तेजी लाने के लिए सभी टैक्स दाताओं को व्हाट्सअप और मैसेज भेजने कहा है। वार्डों में शिविर लगाने, बकायदारों की लिस्ट बनाने के बाद राजस्व अधिकारियों को डोर टू डोर संपर्क और वसूली करने निर्देश दिया है। टैक्स नहीं पटाने वाले बकायदारों को विधिवत बिल, नोटिस, कुर्की की कार्रवाई करते हुए लोक अदालत में केस प्रस्तुत करने और बड़े बकायादारों का नाम उनके निवास एवं कार्यस्थल के पास फ्लैक्स, होर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक करने का निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया है। राजस्व अधिकारी दीपक दीवान ने बताया कि ऐसे टैक्स दाता जिन्होंने टैक्स नहीं दिया, उन्हें डिमांड बिल, नोटिस भेज रहे हैं।

# मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति पर समाज के लोग खफा, वक्फ बोर्ड का घेराव कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में वक्फ संशोधन बिल तथा प्रदेशभर की मस्जिदों में मुतवल्ली नियुक्ति को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इसी नाराजगी के कारण शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने राजधानी रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान लोगों ने वक्फ संशोधन बिल तथा मस्जिदों में सनातन धर्म के लोगों की नियुक्ति का जमकर विरोध करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति के लिए चुनाव कराने की मांग करते हुए वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को ज्ञापन भी सौंपा।

इधर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का कहना है कि जो संशोधन बिल लाया गया है, वह मुस्लिम समाज के हित में है। इसका विरोध करना गलत है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोग भले ही मुस्लिम समाज के धर्म से अच्छी तरह वाकिफ नहीं हैं, लेकिन वे उनके हित के लिए ही कार्य करेंगे। राजधानी रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय में आज मुस्लिम समाज के लोगों ने ही घेराव कर दिया। घेराव करने वाले लोग प्रदेश के अलग-अलग शहरों से आए थे। इनमें बिलासपुर, अंबिकापुर एवं कांकेर सहित अन्य जिलों से पहुंचे थे। इनमें किसी शहर से वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने पहुंचे थे, तो अन्य शहरों से मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति को लेकर विरोध करने पहुंचे थे। सभी शहरों से आए समाज के लोगों ने कार्यालय के बाहर पहले नारेबाजी करते हुए संशोधन बिल और मुतवल्ली की नियुक्ति को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।



### कई शहरों की मस्जिदों में बवाल

उल्लेखनीय है कि रमजान का महीना शुरू होने वाला है। इससे पहले ही प्रदेशभर की अलग-अलग मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति कर दी गई है, जिसे लेकर अब कई शहरों के मस्जिदों में बवाल मच गया है। कई मस्जिदों में सनातन धर्म के लोगों की नियुक्ति कर दी गई है, जिसका समाज के लोग विरोध पर उतर आए हैं। समाज के लोगों का कहना है कि एक सनातन धर्म का व्यक्ति कैसे उनके धर्म को समझ सकता है, इसलिए वे अब नियुक्ति को रद्द करने के साथ मस्जिदों में चुनाव कराकर मुस्लिम समाज के लोगों को मुतवल्ली नियुक्त करने की मांग कर रहे हैं।

### लोगों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने प्रदर्शनकारियों में शामिल अलग-अलग शहर से आए समाज के प्रमुख लोगों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया। इस दौरान सभी शहरों के समाज प्रमुखों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से मुतवल्ली की नियुक्ति को रद्द करने के साथ मस्जिदों में इनकी नियुक्ति के लिए चुनाव कराए जाने की मांग की।

## आम उपभोक्ताओं के 11 लाख मीटर बदले गए

# सवा लाख सरकारी दफ्तरों में लगने हैं स्मार्ट मीटर, अब तक लगे सिर्फ सात हजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में अब तक महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं के 11 लाख से ज्यादा मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक मीटर नहीं लग पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं, जो अब तक स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास आए नहीं हैं। इनके आने के बाद ही इनको लगाने का काम होगा।



बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। इस समय भी प्रदेश भर के सरकारी विभागों पर 25 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

### स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। लेकिन अब तक महज 31 सौ ट्रांसफार्मरों में ही मीटर लग पाए हैं। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर अब तक ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं हैं, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि मार्च से सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश के 5441 फीडरों में मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। यही एक काम सौ फीसदी पूरा हो सका है।

# वाटर वर्ल्ड रायपुरा सहित बड़े बकाएदारों से 24 लाख रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को वाटर वर्ल्ड रायपुरा के साथ अन्य एक व्यक्ति से बकाया राशि वसूली है। इनमें वाटर वर्ल्ड पर 19 लाख 45 हजार 240 रुपए बकाया था। बकाया राशि के लिए निगम ने कई बार उसे नोटिस भी जारी किया था, लेकिन इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी। इस मामले में टीम ने सख्ती दिखाते हुए राशि वसूल की। इसी प्रकार पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में भरत कुमार अग्रवाल पर 4 लाख 39 हजार 823 रुपए बकाया था। यह राशि भी वसूल की गई।

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी, नीलम सहारे, सहायक राजस्व निरीक्षक रत्नदीप करवाडे. सहित अन्य कर्मचारियों की टीम ने बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूल करने की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग कुल 23 लाख 85 हजार 63 रुपए की राशि वसूल चुका है। इसके पूर्व तक 10 लाख 29 हजार 201 रुपए की राशि वसूल की गई थी। इस तरह अभी तक कुल 34 लाख 14 हजार 264 रुपए राजस्व विभाग ने वसूला है।



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज पाटन की बैठक चार को

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज की पाटन इकाई की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स भवन में आयोजित है। पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का गठन किये जाने पर अनुमानित पेंशन के संबंध में प्रस्ताव,राज्य शासन से केंद्र शासन के अनुरूप पेंशनरों के लिए पुनरीक्षित पेंशन,केंद्र द्वारा निर्धारित तारीख से दिए जाने,महंगाई राहत और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग, केंद्र सरकार के समान 53 प्रतिशत महंगाई राहत जल्द प्रदान किए जाने, रेलवे प्रशासन द्वारा सीनियर सिटिजन को यात्रा में मिलने वाला कंसेशन व रोक को बहाल करने आदि मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही वार्षिक सम्मेलन की तारीख का निर्धारण, वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने, पेंशनर्स चिंतक पत्रिका के रजत जयंती वर्ष 2025 के लिए आलेख आदि प्रकाशन सामग्री आदि मंगाने पर भी चर्चा होगी।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाली आभार रैली



**अंडा।** ग्राम ओटेबंद नवनिर्वाचित सरपंच जीवन साहू ने आभार रैली निकाला। जिसमें जनपद सदस्य पुरषोत्तम चंद्राकर, पंच पुखराज निर्मलकर, दुजराम साहू, यतेंद्र चंद्राकर, गोपाल साहू, खूबे साहू, अनुसाईया देशमुख एवं गांव के उत्तम साहू, दीनदयाल साहू, देवधर साहू, केदार साहू, अनुप साहू, भाऊ सिंग साहू, कमलकिशोर साहू, कुलेश्वर साहू, गांव के अन्य लोग उपथित थे। सरपंच ने अपने गांव में पूरे बाजे गाजे व डीजे के साथ सभी ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया।

### विद्यार्थियों ने लिया विविध कौशलों का प्रशिक्षण

**पाटन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसरा के कक्षा 11वीं और 12वीं के मीडिया एंड एंटरटेनमेंट विषय के 59 छात्रों ने ओजल कंप्यूटर संस्थान में 10 दिवसीय इंटर्नशिप सफलता पूर्वक संपन्न की। इस इंटर्नशिप के दौरान छात्रों ने वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मीडिया, कैमरा टेक्निक, साउंड एडिटिंग और अन्य महत्वपूर्ण कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान के एम्प्लॉयर राजेश कुमार यादव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मीडिया इंडस्ट्री में काम करने का वास्तविक अनुभव लिया। विद्यालय के प्राचार्य वीपी कुंभकार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण से छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों को समझने और करियर निर्माण में सहायता मिलेगी। व्यावसायिक प्रशिक्षक भारत भूषण साहू ने कहा कि यह इंटर्नशिप छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रही।

## बिजनेस साइट

### डॉ कुलदीप आज बेमेतरा में

**बेमेतरा।** सिर दर्द, माइग्रेन,कमर दर्द, मिर्गी,लकवा, साइटिका तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ बेमेतरा मे बेमेतरा के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब बेमेतरा में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक नया बस स्टैंड के सामने, पुराना बैंक ऑफ इंडिया भवन, बेमेतरा मेडिकोज में उपलब्ध होगी इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे, नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ कुलदीप सिंह आने वाले रविवार 2 मार्च को क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे। जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग मे खून जमना, नस फटना, दिमाग मे चोट, पैरों मे जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी मे चोट, घुटनों मे दर्द, सर्वाइकल या गर्दन मे दर्द, कमर दर्द या साइटिका ,मिर्गी या बार बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसो की कमजोरी, हाथ एवं पैरो मे सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसनइत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पीन्चा(प्रत्येक बुधवार) , निसंतानता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल ( पहले एवं तीसरे शनिवार) , तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

**फैसला : पहली बार केन्द्र के समर्थन मूल्य पर फसल की होगी खरीदी**

# समर्थन मूल्य पर दलहन, तिलहन और सोयाबीन की होगी खरीदी

**पहली बार प्रदेश में धान के बाद गेंहू, दलहन, तिलहन की समर्थन मूल्य में होगी खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छग के धान के कटोरे में अब सिर्फ धान ही नहीं बल्कि दलहन तिलहन की भी खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिले के दुर्ग और धमधा ब्लाक के आधा दर्जन सोसायटियों के जरिए रबी सीजन में उपार्जन शुरू होगी।जानकारी अनुसार जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के तहत किसानों का एकीकृत कृषक पोर्टल में पंजीयन प्रारंभ हो गया है। योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों फसल का प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) योजनांतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिले में उपार्जन एवं भण्डारण हेतु उपार्जन केन्द्र के रूप में वि.ख.-धमधा में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति, अहिवारा, लिटिया, कन्हारपुरी एवं गोटा तथा भण्डारण केन्द्र के रूप में सीजीएसडब्ल्यूसी धमधा एवं वि.ख.-दुर्ग हेतु उपार्जन केन्द्र प्राथमिक सेवा सहकारी समिति, चंद्रखुरी व भण्डारण केन्द्र के रूप में सीजीएसडब्ल्यूसी दुर्ग अधिसूचित किये गये है।

खास खबर



### मार्कफेड को बनाई गई एजेंसी

जिले में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन हेतु एनसीसीएफ प्रामाणन संस्था (पोक्योरमेंट एजेन्सी) होगी। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेन्सी है। जो राज्य स्तरीय एजेन्सी के रूप में कार्य करते हुए प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) के माध्यम से फसलों का उपार्जन करेगी।

### पन्द्रह फरवरी से मई तक खरीदी

उप संचालक कृषि संदीप भोई बताया कि, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन फसलों का उपार्जन 15 फरवरी 2025 से 15 मई 2025 तक एवं चना एवं मसूर फसल का उपार्जन 1 मार्च 2025 से 30 मई 2025 तक व सरसों फसल का उपार्जन 15 फरवरी 2025 से 15 मई 2025 तक की अवधि में किया जावेगा। जिले के सभी किसान को फसल बेचने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में जल्द से जल्द पंजीयन करवाने की अपील की गई है, ताकि अरहर, चना, मसूर, सरसों इत्यादि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकें।

### प्रति क्विंटल ऐसा रहेगा दर निर्धारित

जानकारी अनुसार रबि सीजन में प्रति क्विंटल गेहूं 2425 जौ 2425 चना 5650 मसूर 6700 सरसों 5950 कुसुम 5940 की खरीदी होगी। वहीं खरीफ 2024-25 में उपार्जित ज्वार 3371 बाजरा 2625 रागी 4290 अरहर 7550 मूंग 8682 उड़द 7400 है। वहीं आईल बनाने की उपज की खरीदी होगी। जिसमें मूंगफली 6783, सनफ्लावर सीड 7280, सोयाबीन 4892, सीशम 9267, नीलगिरि सीड 8717 व काटन मिडियम 7121 और लांग 7521 रुपए की पहली बार समर्थन मूल्य पर खरीदी होगी।

### पंजीयन अनिवार्य

समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य है। रबि और खरीफ दोनों सीजन में किस्मा अनुसार खरीदी निर्धारित की गई है।
-संदीप भोई, डीडीए, दुर्ग

# नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन




**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पार्षदों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से सभी विषयों को स्वीकृति प्रदान किया। बैठक के कुल ग्यारह विषयों पर चर्चा हुई और सभी को पारित किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि शिवपुरी गार्डन का उन्नयन कार्य होगा। जो कि 62.50 लाख रूपये सुरडुंग के शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण 65.30 लाख रूपये शासकीय महाविद्यालय के पास नाला निर्माण लागत राशि 40.00 लाख रूपये पालिका क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों के संधारण हेतु 61.00 लाख रूपये राम मंदिर तालाब के रिजुनवेशन हेतु, 1 करोड 13 लाख रूपये के विकास कार्यो के प्राप्त दरों का हमारे परिषद के सभी सम्मानीय सदस्यों के सर्व सम्मति से अनुमोदन किया। यह सभी कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होंगे। साथ ही हमारे जामुल पालिका में डिजिटल लाईब्रेरी हेतु जिला योजना सांख्यिकी विभाग दुर्ग द्वारा 2 करोड 70 लाख रूपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसे परिषद के सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान किया है। इस प्रकार हमारे नगर पालिका जामुल क्षेत्र में कुल 5 करोड रूपये का विकास कार्य संपादित होगा। सामानय सभा के बैठक में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चन्द्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, के राजू, चुम्मन वर्मा, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, उपअभियंतागण के एन ताम्रकार, सचिन भागवत, राजस्व प्रभारी हरिश साहू, लेखापाल आशा जंघेल, सहित सभी विभागीय प्रभारी अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अनियमितता उजागर करने पर प्रबंधन ने किया महामंडलेश्वर का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक राजिम में लगने वाले कुंभ कल्प मेले में अंतरराष्ट्रीय सूर्यवंशी अखाड़े के महामंडलेश्वर अरुण मिश्रा का अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था देश के 13 अखाड़ों से अलग है। मेला प्रबंधन द्वारा देशभर से साधू-संतों को आमंत्रित किया गया था। उनमें महंत और महामंडलेश्वर का विशेष स्थान दिया गया। हमें भी सम्मान आमंत्रित किया गया। वे अपने अखाड़े से छत्तीसगढ़ के प्रथम एवं एकमात्र महामंडलेश्वर थे। डेढ़ महीने तक वे प्रयागराज महाकुंभ में रहे। वहां से लौटने पर राजिम मेला प्रबंधन द्वारा विशेष सम्मान देते हुए वीआईपी टेंट में निवास और भोजन की व्यवस्था दी गई थी। इस बीच कुछ अखाड़ा परिषदों, सनातनी संस्थाओं और नागा साधुओं से उनकी विशेष चर्चा सत्र का आयोजन भी रखा गया। पं. अरुण मिश्रा ने कहा कि मेला समाप्ति पर कुछ मानदेय व सम्मान राशि दी जाती है, किंतु देखने में यह आया कि हमेशा इस राशि में से प्रबंधन द्वारा कुछ कटौती कर ली जाती है।

- महामंडलेश्वर अरुण मिश्रा ने रखा अपना पक्ष

इस बात की शिकायत मिलने पर मुखर होकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसी बात को लेकर प्रबंधन और अनेक अखाड़ा परिषदों, संतों से तीखी बहस हुई, जो बाद में बवाल में बदल गई। नाराज होकर उन्होंने राजिम कुंभ कल्प मेला परिसर छोड़ दिया। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए मीडिया में गलत बयानबाजी की गई। यहां तक कहा कि उनकी गाड़ी से उनके पदनाम की पट्टिका हटवाई गई और उनके बैनर-पोस्टर फाड़ दिए गए। जबकि घटनास्थल पर पंडित मिश्रा का परिवार, मित्र, उनकें शिष्य और भारी संख्या में संतगण भी उपस्थित थे। उन्होंने ऐसा कुछ भी होने से इनकार किया।

# चुनावी वादों को पूरा करना चुनौती से कम नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निपट गए अनेकों को निपटा गए अनेकों को संवार गए आखिर इस खेल में क्या क्या खेला होता है समझने दशकों से पंच से सांसद तक चुनाव में सक्रिय रहने वालों संगठन के मजे खिलाड़ियों से हुई चर्चा का अंश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रत्याशियों द्वारा लोकलुभावन अनेकों घोषणाओं के साथ निपट गए। परिणाम भी आ गया, प्रमाण पत्र भी मिल गए। इस चुनाव में केवल चुनाव निपटे ऐसा नहीं है और भी बहुत सारी चीज निपट गए जीतने की पूरी उम्मीद वाले हार गए और हारते-हारते प्रत्याशी जीत गए। कई प्रत्याशी तो हार कर अपनी उपस्थिति को लोहा मनवाने में सफल हो गए और बता गए उन्हें कमजोर आंकने की गलती नहीं करे। जीतना बड़ा अच्छा लगता है लेकिन 5 साल के सफर में वादों को पूरा करना किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं।

### अपनो ने धोखा दिया इसलिए हार हो गई

पंच से विधायक सांसद चुनाव को रूबरू देखने मैनेज करने मंथन करने वाले प्रमोद जैन कहते है कि



विश्वास और विश्वासघात का खेला बहुत होता है। वादा निभाने जीतने वालों की अग्नि परीक्षा तैयार होती है और करारी हार वाले विश्वास घात से दुखी होते है। करारी हार वाले अधिकांश प्रत्याशी हारने के बाद जब चिंतन मनन करते है तो हार के कारण में अपने लोगों का धोखा सामने आता है। कभी दल वाले दिन रात उठ बैठ करने वाले साथी का धोखा और अनेकों बार तो परिवार समझे जाने वाले भी किसी चक्रव्यूह में फंसकर अपने पारिवारिक करीबी प्रत्याशी को ही हरा देते हैं।

### ओवरकाफिडेंस बना हार का कारण

पंच से सांसद तक चुनावी संगठन में 5 दशक से अधिक समय से चुनावी मैनेजमेंट का लंबा



अनुभव रखने वाले लेखराम साहू कहते है त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच का चुनाव फेस टू फेस जानने वाले मतदाताओं और प्रतिद्वंदी के बीच होने के कारण बहुत कशमकश होता है। प्रत्याशियों के आचार व्यवहार और कूटनीति के तहत यह चुनाव में सफलता असफलता का निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि जीतने के परिदृश्य में चर्चित प्रत्याशी ओवरकाफिडेंस के कारण गफलत फहमी में आ जाता है।

### दुश्मन को भी दोस्त बनाकर चुनाव जीतना कूटनीति का हिस्सा होता है



1977 से ब्लॉक जिला प्रदेश संगठन में लंबे समय तक काम करने के बाद निर्दलीय विधायक चुनाव लड़ चुके निजी चिकित्सक डॉ तेजराम साहू कहते है कि जब प्रत्याशी में जीतने का फितूर सवार होता है तो दुश्मन को भी दोस्त बनाकर विजय श्री को अंगीकार कर लेना चाहते है समय की तकाजा के अनुरूप सफलता और असफलता कदम बढ़ाती है।अनेकों बार तो करारी सफलता का इतिहास भी बन जाता है।उन्होंने कहा कि विधानसभा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गणित अलग होता है परिचय की दृष्टि विधायक प्रत्याशी से रूबरू मतदाता नहीं होते व ग्राम पंचायत स्तरीय चुनाव में प्रत्याशी से मतदाता सीधे संपर्क में होते है जानते है पहचानते है।

### पेयजल समस्या को लेकर विधायक ललित ने लिखा पत्र

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग दुर्ग को पत्राचार के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए



अवगत कराया दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों में पेय जल की गंभीर समस्या होने के कारण बोर खनन एवं पंप हैंड पंप स्थापित करने की मांग की गई। पेयजल संकट आने वाले गर्मी के समय में और बढ़ जाने का अंदेशा है। गांवों में नल जल योजना के तहत विस्तारित पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है तथा कई जगह पानी की टंकी निर्माण अधूरा है, वांछित स्थानों पर पेयजल हेतु बोर खनन एवं पम्प हैंड पंप की स्थापना कराया जाना अति आवश्यक है। क्षेत्र के ग्रामों का सर्वे कर नल जल कार्यों की समीक्षा करे एवं अतिआवश्यक स्थानों पर बोर खनन करे, क्षतीग्रस्थ पाइप बदले।

# 15 हजार ट्यूबवेल से 45 गांव में लो-वोल्टेज, गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



**ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर लगाई गुहार**

जिले के लालबहादुर नगर और सड़क चिरचारी क्षेत्र के लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं ट्यूबवेल नहीं चलने से गांव में पेयजल की समस्या भी हो रही है। लगभग 18 गांव के सैकड़ों किसानों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं समस्या के जल्द समाधान के लिए गुहार लगाई है। जिले के लाल बहादुर नगर, सड़क चिरचारी, कोठीटोला, भरकाटोला, गोविंदपुर सहित लगभग 18 गांव में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि यहां पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के चलते कृषि कार्य प्रभावित हो गया है, फसले सूखने लगी है और किसानों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सैकड़ों किसानों ने कहा कि लो-वोल्टेज की वजह से वह अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में धान और दलहन की फसलें लगी हुई है। सिंचाई नहीं होने से फसलों को नुकसान हो रहा है।

## अंचल की खबरें

### कबड्डी प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम रही प्रथम



**अंडा।** ग्राम खपरी कला में महाशिवरात्रि पर्व पर एक दिवसीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन वंदे मातरम क्रीडा मंडल के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें पांच खिलाड़ी 38 किलोग्राम, दो खिलाड़ी 40 किलोग्राम खेल में भाग लिए। प्रतियोगिता में बाहर से कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार शिवनंदन क्लब राजनंदगांव, द्वितीय वंदे मातरम खपरी कला, तृतीय जय दंतेश्वरी कुर्सीडीह, चतुर्थ स्पोर्ट क्लब ईरा राजनंदगांव रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के नवनिर्वाचित सरपंच अनुसुइया नारायण साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंच दोहित निषाद, विशेष अतिथि उमेश्वरी साहू पंच, शतरूपाबाई साहू , उमेश्वरी साहू, खुलास यादव, शांतिलाल साहू ने की। कार्यक्रम में पुनऊराम साहू समाज सेवी, चितरंजन साहू, रामसिंह साहू, विजय साहू, बलराम निषाद, अनिल यादव, घनश्याम निषाद, निर्भय राम साहू, राहुल साहू, गंगाराम ठाकुर, शत्रुहन निषाद, राकेश साहू, मुकेश साहू, योगेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### नव निर्वाचित सरपंच व पंचों ने सांसद से की मुलाक़ात



**सेलूद।** ग्राम मटंग व बोदल के नव निर्वाचित सरपंच और पंचों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाक़ात किया। सरपंच अमित हिरवानी के अगुवाई में नवनिर्वाचित पंचों के साथ दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के निवास में जाकर मुलाक़ात कर गुलदस्ता भेंट किया साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कर बधाई दिया। सांसद बघेल ने जन भावना के अनुरूप जनहित में कल्याणकारी योजनाओं जन-जन तक पहुंचाकर जन सेवा की दिशा में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर मनोज साहू, सूरेश ठाकुर, डिलेश कुमार, वार्ड पंच हितेश वर्मा, दादू वर्मा, धर्मेंद्र बंछोर, हेमू लाल, युगल कुमार, चंद्रिका बारले, राजकुमारी निर्मलकर, सरस्वती बाई, डाली यादव, निर्मला बाई, इन्द्राणी ठाकुर, लता गोयल, बिमला ठाकुर, पुष्पा मधुकर, गौरव ठाकुर, वेदराम यादव, वीणा साहू सहित आदि उपस्थित थे।

### अतुल ने डीजीपी अरुण देव से की चर्चा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त डीजीपी अरुण देव गौतम से भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष भाजपा नेता अतुल पर्वत ने शुक्रवार को रायपुर पुलिस मुख्यालय पहुंच कर पुष्प गुच्छ भेट कर मुलाक़ात की व नई जिम्मेदारी के लिए बधाई शुभकामनाएं दीं। अतुल पर्वत ने कहा नवनियुक्त डीजीपी के नेतृत्व में जनसहभागिता और अनुशासित पुलिसिंग के माध्यम से प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ हो जाएगी। इसके साथ ही पर्वत ने अपने फाउंडेशन के बारे में भी जानकारी दी।

### कौन बनेगा नपं का उपाध्यक्ष बना चर्चा का विषय


**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव हो जाने के बाद अब उपाध्यक्ष के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन के विधायक भूपेश बघेल के गढ़ में उपाध्यक्ष के लिए सरगर्मी तेज हो रही है। पाटन के नामी जगहों में और अनेकों चौक में उपाध्यक्ष कौन बनेगा इसमें विराम चिह्न लगी हुई है। पाटन नगर पंचायत जैसे में उपाध्यक्ष के पद का कमान कौन सम्हलेगा इसमें जानता और ऊपर के बड़े नेता सोच में पड़ गए हैं। पाटन नगर पंचायत में बीजेपी पार्टी से आठ पार्षद विजयी हुए हैं उसी प्रकार कांग्रेस पार्टी से सात पार्षद जीत का परचम लहराया है। वहीं पाटन नगर पंचायत के दिग्गज नेता पार्षद पद जीत कर आए हुए हैं ऊपर के बड़े नेता ने पाटन नगर पंचायत के किसी दो कांग्रेस पार्षद को बड़े नेता का फ़ोन की घंटी बज़ गई है उसी तरह बीजेपी पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले नेता ने अपने ख़ास किसी पार्षद को उपाध्यक्ष बनने में बड़ी मेहनत कर रही है। कांग्रेस पार्टी से विजयी प्राप्त पुरुषोत्तम कश्यप कुर्मी समाज से आते हैं वे कांग्रेस पार्टी से



बहुत लंबे समय से जुड़े हुए हैं। इस बार पार्षद जीतकर नगर पंचायत में कदम रख लिए है उसी प्रकार आभाष दुबे ब्राह्मण समाज से काफ़ी प्रसिद्ध नाम है पाटन पंचायत में उपाध्यक्ष पद पर जनता और वार्डवासियों का पहला पसंद बने हुए हैं व मनोज कुर्रे कांग्रेस के युवा नेता माने जाते है ये भी लाइन पर बने हुए हैं। बीजेपी पार्टी से दिग्गज नेता ने भी जीत दर्ज करी हुई है जिस्मे वार्ड तीन की पार्षद निशा सोनी जो पूर्व में भी पार्षद पद की ज़िम्मेदारी निभा चुकी है। इस बार क्या पाटन नगर पंचायत की उपाध्यक्ष बनने में कामयाब हो जाएगी ज़ोर बड़ी लगी हुई है उसी प्रकार वार्ड चार के बहुत ही चर्चा नामो में से एक हैं बाबा वर्मा की पत्नी नेहा वर्मा इस बार पार्षद बन गई है जनता की पहली पसंद बाबा नेहा वर्मा की नामों की चर्चा हो रहा है। पाटन नगर पंचायत में एक युवा चेहरा वार्ड पंद्रह निवासी देवेंद्र ठाकुर जीत हासिल की है वे ठाकुर समाज से आते है आपको बता दे कि पाटन नगर पंचायत में आज तक ठाकुर समाज से कोई अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी में विराज मान नहीं हुवे है लेकिन इस बार पूरा अटारी में चर्चा हो रहा है कि इस बार देवेंद्र ठाकुर नगर पंचायत में उपाध्यक्ष की कुर्सी समहालेंगे। उसी तरह पाटन नगर के एक ऐसे वार्ड है जो वहां के एक महिला पार्षद को उपाध्यक्ष की कुर्सी मिलने वाली है पाटन नगर में जोरों से चर्चा है जिसमे ज़मीनी स्थल के बड़े नेता उसे पाटन नगर पंचायत की उपाध्यक्ष बनने में बड़ी भूमिका निभाने वाले है अब देखा जाना है की पाटन की जानता और नव चर्चित पार्षदों ने किसके नाम के माथे पर राज तिलक लगायेगा।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### धनेश ने 8वीं बार किया रक्तदान

**डौंडीलोहारा।** युवा प्रकोष्ठ सचिव तहसील साहू समाज डौंडीलोहारा तथा विधि विभाग के छात्र धनेश साहू ने शनिवार को जिला अस्पताल बालोद में माइग्रेन पीड़ित एक मरीज के लिए रक्तदान किया। धनेश साहू ने बताया कि इसके साथ ही वे अब तक 8 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे शुरू से ही राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस, रेड रिबन तथा छात्र युवा मंच जैसे एनजीओ से जुड़े हुए हैं। इससे उन्हें रक्तदान कर लोगों के जीवन की रक्षा के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में भी कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि जब से वह रक्तदान कर रहे हैं, उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई है।

### ग्राम पंचायत डोंगीतराई की सरपंच बनीं खिलेश्वरी

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत डोंगींतराई



एवं आश्रित गांव झोफरा में डोंगीतराई निवासी खिलेश्वरी बमभोले सरपंच चुन ली गई हैं। उन्होंने इस चुनाव में 404 वोट मिले। इस अवसर पर नव निर्वाचित सरपंच खिलेश्वरी बमभोले ने कहा कि वे ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखेंगी, साथ ही दोनों गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी।

### हाई कोर्ट ने कहा- पीपी एक्ट के तहत हो कार्रवाई

**भिलाई ।** खुर्सीपार जीई रोड में भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग इंफोर्समेंट अनुभाग द्वारा दिए गए नोटिस और बुलडोजर एक्शन रोकने के लिए अवैध कब्जाधारियों द्वारा बिलासपुर हाई कोर्ट में 24 याचिकाएं लगाई गई थीं। हाई कोर्ट ने पीपी एक्ट 1971 के तहत कार्रवाई करने कहा है। खुर्सीपार में कुल 103 दुकानें हटाई जानी हैं। खुर्सीपार में यह दुकानें प्राइम लोकेशन पर हैं। इस मामले में कोर्ट के आदेश के अनुरूप कार्रवाई हुई तो भिलाई में बड़ा बुलडोजर एक्शन शीघ्र होने की उम्मीद लोग कर रहे हैं। इसमें कई प्रभावशाली लोग भी जद में आ रहे हैं। जो वर्षों से वहां काबिज है। बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा पिछले एक साल से टाउनशिप सहित खुर्सीपार में भी अतिक्रमण हटाने के लिए बेजा कब्जा हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न बीएसपी क्षेत्र में क्वार्टरों सहित जमीन आदि से कई बेजा कब्जा हटाए गए हैं।

### सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों और कर्मियों को दी विदाई

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से फरवरी माह में 66 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इसमें खदान के 7 सदस्यों सहित 9 कार्यपालक व 50 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया।

**सम्मान :** नगर पालिका अध्यक्ष व नवनिर्वाचित पार्षदों का बीके ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने किया सम्मान

# निमित्त भाव, निर्माण भाव व निर्मल वाणी का ध्यान रखकर कार्य करेंगे, तो अवश्य सफल होंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवनिर्वाचित पार्षदों तथा नगर अध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में 28 फरवरी को बालोद के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष मोहन चोपड़ा, वार्ड क्र. 02 के पार्षद कमलेश सोनी तथा 20 वार्डों के पार्षदों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रं. 01 के पार्षद पुष्पा ईश्वर साहू, वार्ड क्रं. 03 के पार्षद किरण चंद्रहास साहू, वार्ड क्रं. 04 के पार्षद प्रीतम यादव, वार्ड क्रं. 05 के पार्षद कांति तरूण साहू, वार्ड क्रं. 08 के पार्षद रीता सोनी, वार्ड क्रं. 12 के पार्षद सुमित शर्मा, वार्ड क्रं. 14 के पार्षद आशा पटेल, वार्ड क्रं. 15 के पार्षद गोकुल कुमार, वार्ड क्रं. 17 के पार्षद गोमती बाई रात्रे, वार्ड क्रं. 18 के पार्षद गिरिजेश गुप्ता, वार्ड क्रं. 19 के पार्षद श्यामा यादव उपस्थित थे। मंचासीन बीके. सरिता दीदी ने उपस्थित सभी अतिथियों को ब्रह्माकुमारीज संस्था का परिचय देते हुए भारत के प्राचीन राजयोग से अवगत कराया। आत्मा और परमात्मा के साथ सर्व संबंध जोड़ना ही राजयोग है। साथ ही राजयोग का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद कमलेश सोनी ने कहा कि आध्यात्मिक रुप से सशक्त होना हम सभी के लिए बहुत आवश्यक है और हम सभी को अपने जीवन में जो भी सेवाएं मिलेंगी हम उसे समर्पण भाव से करेंगे।

**हम सभी को मिलकर बालोद को ऊंचाईयों तक ले जाना है : प्रतिभा**

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि इस संस्था से मेरा बहुत पुराना संबंध है। शिवबाबा का व दीदियों का आशीर्वाद सदा मेरे साथ है। अब हम सभी को मिलकर बालोद को ऊंचाईयों तक ले जाना है। संस्था की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि भगवान की ओर से आपको ये संदेश देते हैं कि आप अपने जीवन में इन तीनों बातों की स्मृति रखेंगे तो आप हर कार्य में निमित्त भाव, निर्माण भाव, निर्मल वाणी सफल होंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन भ्राता भोपसिंह साहू ने किया। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते, बैज एवं तिलक व स्वागत नृत्य द्वारा किया गया।

# समावेशी शिक्षा के तहत शिक्षकों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दो दिवसीय प्राथमिक व माध्यमिक एवं हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजन किया जा रहा है। मुख्य रूप से अभी वर्तमान में कक्षा पहली लेकर 12 वीं तक के पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष प्रकार से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त शिक्षकों को 21 प्रकार के दिव्यांगता के संबंध में विस्तृत प्रकार से चर्चा की गई। इसके साथ ही दिव्यांग बच्चों के साथ हमारे विद्यालय में किस प्रकार से व्यवहार होना चाहिए उन्हें आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम हेतु जानकारी मास्टर ट्रेनर एवं आईईडी प्रभारी गंगा प्रसाद, जलेश जांगड़े संकुल समन्वयक, मास्टर ट्रेनर हारून अली, प्रदीप परगनिया के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस दौरान बीआरसी खोमलाल साहू के माध्यम से समस्त प्रशिक्षण में आए हुए शिक्षकों को बताया गया कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत जो दिव्यांग बच्चे होते है उनको भी अन्य बच्चों के समान प्राथमिकता प्रदान करते हुए मुख्य धारा में लाने हेतु अपना महत्वपूर्ण प्रयास करना है तथा साथ ही इन बच्चों को उनके क्षेत्र के अनुसार से आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन करना अत्यंत आवश्यक होगा और यह प्रोत्साहन का कार्य केवल शिक्षकों के माध्यम से हो सकता है अतः शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के साथ सम्मानजनक व्यवहार तथा उनकी हर समस्याओं के निराकरण एवं उनके अधिगम क्रियान्वयन को अच्छा बनाए रखने हेतु लगातार प्रयास करने हेतु जानकारी प्रदान किया गया। सभी शिक्षक उपरोक्त प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी प्रदान किया कि यह प्रशिक्षण वास्तव में उन दिव्यांग बच्चे जो अपने आप को कमजोर और पिछड़ा महसूस करते हैं उनके लिए अवश्य ही एक कारगर सिद्ध होगा। जो आगे चलकर इन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु और अपने जीवन को सही दिशा प्रदान करने हेतु बहुत ही शानदार प्रयास किया। इस तरह प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

# शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में कक्षा पाँचवी के बच्चों के विदाई समारोह के अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच देवकुमारी देवेंद्र वैष्णव ने नेवता भोजन कराया। सर्वप्रथम सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंचगण एवं ग्रामवासियों ने माता सरस्वती की पूजा की। शाला की प्रधानपाठिका हिम कल्याणी सिन्हा, हेमलता ठाकुर, हिरेश टंडन नवनिर्वाचित सरपंच का ग़ुलाल लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर, शाल, श्रीफल भेंट कर, मिठाई खिलाकर शाला में स्वागत किया। कक्षा पांचवी के बच्चों को सभी अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान किया। बच्चों ने भी शाला के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। हिम कल्याणी सिन्हा ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। शाला की तरफ से बच्चों को उपहार के रूप में पानी बॉटल प्रदान किया गया। देवकुमारी देवेंद्र वैष्णव ग्राम पंचायत सौरी की नवनिर्वाचित सरपंच ने अपने आश्रित ग्राम अकोला में शाला के सभी बच्चों को सम्पूर्ण नेवता भोज कराया, जिसमें चावल, दाल, मटर पनीर की सब्जी, टमाटर की चटनी, खीर, पूड़ी, चॉकलेट, मिठाई खिलाई। पाँचवी कक्षा के बच्चों ने अपनी शाला के लिए दीवार घड़ी भेंट की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जगाधर साहू, चंद्र कुमार पटेल, देवेंद्र वैष्णव, बलदाऊ पटेल, राकेश साहू, अजू जितेंद्र वर्मा, छबीलाल निर्मलकर, संतराम निषाद, डाकवर ठाकुर सहित बच्चे उपस्थित थे।



नवनिर्वाचित सरपंच ने कराया नेवता भोज

# बालोद पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश, पार्टी की बैठक में हुए शामिल

**बालोद।** शनिवार को रिकेश सेन बालोद जिला के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष व भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ मां गंगा मईया के दर्शन कर पूजा की। उसके बाद वे भाजपा की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 01 से निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल करने वाली पुष्पा ईश्वर साहू ने रिकेश सेन के समक्ष आगमन पर भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान रिकेश सेन ने पुष्पा ईश्वर साहू को भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर पार्टी प्रवेश करवाया।



# जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 24 से सदस्य चुने गए मानसिंह वर्मा



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के क्षेत्र क्रमांक 24 जिसमें गुधेली, कोहड़यिा, बोहारडीह, खंगारपाट, गाड़ामोर एवं सिंगारडीह शामिल है। जहां जनपद पंचायत सदस्य पद हेतु कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें मानसिंह वर्मा क़ो कुल 2080 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके निकटतम प्रत्याशी रहे। ग्राम पंचायत गाड़ामोर पूर्व सरपंच दीगंबर सिंह परगनिहा क़ो कुल 1208 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार मानसिंह वर्मा ने कुल 874 मतों से जीत दर्ज की। मानसिंह वर्मा पूर्व में भी लगातार 2 पंचवर्षीय जनपद सदस्य रह चुके है जबकि एक पंचवर्षीय सभापति एवं जनपद उपाध्यक्ष भी रह चुके है तो वहीं उनकी पत्नी लता वर्मा भी जनपद सदस्य रह चुकी है। जीत के इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों का लगातार ताँता लगा रहा तो वहीं समर्थकों ने विजय जुलुस निकालकर हर्ष व्यक्त किया। क्षेत्र वासियों क़ो नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा से विभिन्न विकास कार्य करने की उम्मीद है जिसे उन्होंने पूरा करने का विश्वास दिलाया है।

# खंगारपाट के सरपंच बने कमल बघेल



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत खंगारपाट में कमल बघेल सरपंच चुन लिए गए हैं। कमल बघेल क़ो उनके निज निवास ग्राम बोहारडीह से 145 मत प्राप्त हुए जबकि खंगारपाट से 148 मत प्राप्त हुए। तो वहीं उनके निकटतम प्रत्याशी नरेंद्र कुमार वर्मा क़ो ग्राम बोहारडीह से 105 मत प्राप्त हुए जबकि ग्राम खंगारपाट से 78 मत प्राप्त हुए। दोनों गावों क़ो मिलाकर कमल बघेल क़ो कुल 293 मत प्राप्त हुए तो वहीं उनके निकटतम प्रत्याशी नरेन्द्र कुमार वर्मा क़ो 183 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार कमल बघेल ने 110 मतों से जीत दर्ज की। इस पर समर्थकों ने विजय जुलुस निकालकर हर्ष व्यक्त किया। नव निर्वाचित सरपंच कमल बघेल ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों क़ो नव निर्वाचित सरपंच से तालाब में जलभराव, बिजली पानी की उचित व्यवस्था, साफ सफाई, विभिन्न पेंशनरों क़ो समस्त प्रकार के पेंशन प्राप्त करवाने समेत कई निर्माण एवं विकास कार्य कराने की भी उम्मीद है जिसे सरपंच ने भी पूरा कराने का विश्वास दिलाया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

सर्वसुविधायुक्त ट्रॉमा सेन्टर
आपातकालीन चिकित्सा, विशेषकर सड़क हादसों में घायलों के उपचार के लिए आवश्यक सभी विभाग जिसमें ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी-न्यूरोसर्जरी, थोरासिक एवं वैस्कुलर सर्जरी, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के विशेषज्ञों की 24x7 उपलब्धता
HI TEK SUPER SPECIALITY HOSPITAL inspiring better health
हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जुनवानी रोड, भिलाई, सूर्या टीआई मॉल के पास
0788-405 6666 • 73891-92333
एक छत के नीचे सभी सुपर स्पेशालिटी
सुपरस्पेशलिटी
कार्डियोलॉजी
• डॉ रंजन सेनगुप्ताः MBBS, MS, M.Ch, CVTS
• डॉ असलम खानः MBBS, MD, DNB (Cardio)
न्यूरोलॉजी
• डॉ नचिकेत दीक्षितः MBBS, MD (Med.), DM (Neuro)
• डॉ दीपक बंसलः MBBS, MS, MCH (Neuro)
यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी
• डॉ नवीन वैष्णवः MBBS, MS, Mch (URO)
• डॉ सुमन राव : MBBS, MD, DNB (Kidney)
शल्य चिकित्सा विभाग
• डॉ नवील कुमार शर्माः MBBS, MS, FIAGES EFIAGES, FMAS, FALS (Colo Rectal)
• डॉ नवीन वैष्णवः MBBS, MS, MCh (Uro)
गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी
• डॉ आशीष देवांगनः MBBS, MD (MEDICINE), DNB
गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• डॉ एस श्रीनाथ : MBBS
• डॉ अपूर्व वर्मा : MBBS, MS
सभी महत्वपूर्ण विभाग
स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग
• डॉ रेखा रत्नानीः MBBS, MS, MD (OBS/Gyne)
• डॉ अंजना चौधरीः MBBS, MS (Gyne)
बाल रोग विभाग
• डॉ मिथिलेश देवांगनः MBBS, MD (Paed.)
• डॉ रुचि ठाकुरः MBBS, MD & PDCC (Paed. Cardio)
अस्थि रोग विभाग
• डॉ राहुल ठाकुर : MBBS, MS (Ortho)
• डॉ दीपक सिन्हा : MBBS, DNB (Ortho)
ईएनटी एवं चर्म रोग विभाग
• डॉ अपूर्व वर्माः MBBS, MS (ENT)
• डॉ रिद्धि अरोरा : MBBS, MD (DERM, VEN & LEPR)
डेन्टल, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
दंत रोग, जबड़ा एवं चेहरा
• डॉ आफरीन आफताब : BDS, MDS
• डॉ वैष्णवी शर्माः BDS
फिजियोथेरेपी
• डॉ अर्चना लछवानी : BPT
• डॉ विष्णुप्रिया : BPT
NABH Accredited
24/7
कैशलेस इलाज
ESIC, BSKY, CGHS, CORPORATE
सहित सभी प्रमुख TPA के साथ अनुबंधित